# उज्जैन का सामूहिक विवाहोत्सव समाज को करेगा संस्कारित

## 22 जोड़ों में मजदूर, ड्राइवर तो कोई फोटोग्राफर, सभी ने मुख्यमंत्री के पुत्र के साथ-साथ लिए फेरे







नवभारत न्यूज़

**उज्जैन,30 नवम्बर. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव का विवाह रविवार को शहर में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन में वैदिक रीति से सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में कुल 22 जोड़ों ने एक ही मंडप में सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। समारोह के बाद सभी 22 जोड़ों को हाथों-हाथ विवाह प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।**

नवभारत ने 22 जोड़ों में से 7 जोड़ों से जब सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने के संबंध में सवाल किया तो सभी ने कहा कि भूतों न भविष्यति ,यह आयोजन उनके जीवन का सबसे सुखद हिस्सा है । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पुत्र के साथ ऐसे युवकों ने भी फेरे लिए जो मजदूरी करते हैं ,फोटोग्राफर है ,तो कोई ड्राइवरी करते हैं । साथ ही उन्होंने खुशी जताई कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पुत्र डॉ अभिमन्यु यादव के जिस पंडाल में फेरे हो रहे हैं वहीं पर उनकी भी शादी हो रही है इससे बढ़कर खुशी की बात क्या हो सकती है।

### धीरेंद्र शास्त्री का विवाह भी इसी तरह कराएंगे

सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान एक अनोखी और रोचक घोषणा उस वक्त हुई जब मंच से योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस सादगी और सामाजिक समरसता से अपने बेटे का विवाह कराया है, उसी प्रकार धीरेंद्र शास्त्री का विवाह भी सामूहिक सम्मेलन में कराएंगे, इतना सुनते ही मंच से लेकर सभा मंडप में हंसी के फव्वारे छूट गए। बाबा रामदेव का यह कथन सुनते ही पूरे पंडाल में तालियाँ गूंज उठीं। मुख्यमंत्री भी मंच पर मौजूद थे।

### अखाड़ा परिषद और पतंजलि की बड़ी घोषणाएं

कार्यक्रम में संतों और अखाड़ों की ओर से अहम घोषणाएँ की गईं। अखाड़ा परिषद ने सभी 22 जोड़ों को सवा लाख रुपये देने की घोषणा की।पतंजलि पीठ की ओर से बाबा रामदेव ने प्रत्येक जोड़े को एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की।इन घोषणाओं के बाद नवविवाहित जोड़ों और उनके परिवारों के चेहरों पर खुशी साफ झलकती रही।

### यज्ञ वेदिका पर स्वयं पहुंचे मुख्यमंत्री

विवाह की मुख्य रस्मों के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं यज्ञ वेदिका पर पहुंचे और सभी 22 जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समरसता, सादगी और आर्थिक सरलता का श्रेष्ठ माध्यम है। विवाह संपन्न होने के तुरंत बाद सभी जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र, गृहस्थ जीवन हेतु आवश्यक सामग्री, और सामाजिक संस्थाओं की ओर से उपहार दिए गए।

### सुबह निकली भव्य बारात, शाम को फेरे

सुबह 9:00 बजे सभी 22 जोड़ों की भव्य बारात निकाली गई। मुख्यमंत्री के पुत्र अभिमन्यु यादव घोड़ी पर सवार होकर बारात में शामिल हुए और लोगों का अभिवादन किया। बारात में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री की पुत्री आकांक्षा यादव, पुत्र वैभव यादव, सीएम की धर्मपत्नी सीमा यादव,बड़ी बहन कलावती यादव परिवार के अन्य सदस्य और रिश्तेदार शामिल हुए। बड़े भाई नंदलाल यादव , नारायण यादव ,भाई बबलु यादव, नीलेश यादव और उनका पूरा परिवार भी प्रोसेशन में थिरकते नजर आए। पूरी बारात सादगी वाले अंदाज में निकली। बैंड-बाजे, पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा से पूरा मार्ग उत्सव स्थल में बदल गया। मुख्यमंत्री बारात के साथ चलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। मंच लगाकर जगह-जगह बारात का स्वागत भी किया गया।

### शास्त्री ने आयोजन को बताया ऐतिहासिक

जब वरमाला की रस्म शुरू हुई तो बाबा रामदेव स्वयं मंच पर पहुंचे और मंत्रोच्चार किया। इधर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने भी विवाह संस्कार को ऐतिहासिक और प्रेरणा दायक बताया। उन्होंने कहा, ऐसा सामूहिक विवाह सम्मेलन पूरे देश में आदर्श बन सकता है । यह संत समाज के लिए गर्व का विषय है।

---

## एक नजर में

### सोयाबीन भावांतर योजना में धोखाधड़ी का प्रयास

सागर. सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना का फर्जी तरीके से लाभ लेने की कोशिश करने पर उत्तर प्रदेश के एक व्यापारी पर जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है. मामले में मोतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है, वहीं मंडी सचिव को निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित करते हुए नोटिस जारी किया गया है. कलेक्टर संदीप जी.आर. को मिली सूचना के बाद एसडीएम के नेतृत्व में मंडी प्रांगण, सागर में जांच की गई. ललितपुर निवासी रानू जैन ट्रैक्टर में 160 बोरियां सोयाबीन भरकर लाया था. यह उपज नन्हे सिंह, निवासी रहली के नाम से दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा था, ताकि मध्यप्रदेश के किसान के रूप में योजना का लाभ लिया जा सके.

### भिंड में शादी समारोह में ताबड़तोड़ फायरिंग

भिण्ड. जिले के मालनपुर थाना क्षेत्र के घिंरोगी गांव में एक शादी समारोह के दौरान की गई ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. ग्वालियर से बुलाए गए डांसरों के कार्यक्रम के दौरान युवकों ने लाइसेंसी हथियारों से करीब सौ राउंड गोलियां चलाकर दहशत फैला दी. घिंरोगी निवासी सूरज भान गुर्जर के भतीजे राहुल सिंह की शादी में रंगारंग कार्यक्रम रखा गया था. कार्यक्रम शुरू होते ही कुछ युवक मंच के पास हथियार लेकर पहुंच गए और लगातार फायरिंग करने लगे. कार्यक्रम में दस से अधिक बंदूकें मौजूद थीं और भीड़ के बीच करीब सौ राउंड गोलियां चलाई गईं.

---



## प्रदेश में बढ़ी सर्दी, नौगांव में पारा 6 .1 डिग्री तक पहुंचा

**प्रदेश में एक बार फिर सर्दी का बढ़ा कहर**

**14 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिसे**

**भोपाल, 30 नवंबर. मध्य प्रदेश में सर्दी एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है. बीती रात प्रदेश के 14 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया. छतरपुर के नौगांव में पारा सबसे नीचे 6.1 डिग्री रहा, जबकि पचमढ़ी में तापमान 6.4 डिग्री तक पहुंच गया.**

राजधानी भोपाल में लगातार दूसरे दिन शीतलहर जारी रही, वहीं कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा. शनिवार को भोपाल में अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री और ठंडी हवाएं पूरे दिन चलती रहीं. मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान मौसम के हालात अगले कुछ दिनों तक बने रहेंगे. दिसंबर के पहले सप्ताह से प्रदेश में दोबारा कड़ाके की सर्दी बढ़ेगी, जो जनवरी तक असर दिखा सकती है.

पिछले 24 घंटों में प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ और ये भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, चंबल, रीवा, जबलपुर, शहडोल व सागर संभाग में सामान्य से 1.7-2.2 डिग्री तक कम दर्ज किए गए. वहीं न्यूनतम तापमान भी लगभग स्थिर रहे, लेकिन भोपाल संभाग में यह सामान्य से 3.9 डिग्री तक नीचे दर्ज किया गया.

इस बीच, बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'दित्वा' उत्तर की ओर बढ़ रहा है. शुक्रवार सुबह यह पुड्डुचेरी और तमिलनाडु तटों से करीब 100 किमी की दूरी पर केंद्रित था. अगले 24 घंटों में इसके तटों के समानांतर उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है. उधर,उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ठंड में और वृद्धि हो सकती है.पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है. भोपाल व इंदौर संभाग के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी रह सकती है.

---

## भिण्ड पुलिस ने कार से 22 किलो गांजा किया जब्त

**12 लाख 35 हजार बताई गई गांजे की कीमत**

**भिण्ड, 30 नवंबर.** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले की बरोही पुलिस ने मदनपुरा गांव के पास एक कार से 22 किलो गांजा जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 12 लाख 35 हजार रुपये बताई गई है.

पकड़े गए आरोपी पिछले दो दिनों से मेहगांव और गोरमी क्षेत्र में सप्लाई के लिए घूम रहे थे. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में राजेंद्र बघेल निवासी संतोष नगर भिण्ड, पंकज शुक्ला निवासी बरोही और राजकुमार शर्मा निवासी सोई शामिल हैं. मुख्य आरोपी पंकज शुक्ला पूर्व में भी बरोही, देहात और रौन थानों में गांजा तस्करी के मामलों में पकड़ा जा चुका है. बरोही थाना प्रभारी अतुल भदौरिया ने बताया कि पंकज शुक्ला की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर पुलिस ने निगरानी बढ़ाई. सूचना मिली थी कि वह गांजा लेकर आने वाला है.

इस पर रात में मदनपुरा के पास चेकिंग लगाई गई. कुछ देर बाद संदिग्ध कार दिखाई दी. रोकने की कोशिश पर चालक ने रफ्तार बढ़ाई, लेकिन दूसरी टीम की घेराबंदी में कार को पकड़ लिया गया. तलाशी के दौरान कार में रखे बैग की सफेद बोरी से तीन पैकेट मिले, जिनमें 22 किलो गांजा भरा था.

---



**मंगल विवाह की शुभकामनाएं**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को उज्जैन पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को उनके सुपुत्र चि. अभिमन्यु के सामूहिक विवाहोत्सव में संपन्न हुए मंगल विवाह की हार्दिक बधाई दी और शुभकामनाएं दी.

---

## स्वदेशी संकल्प यात्रा आज से शुरू

**पांढुरना,30 नवम्बर. अखिल भारतीय व्यापारी परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 अक्टूबर 2025 को नागपुर से हुआ था.**

यह राष्ट्रव्यापी यात्रा महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में सफलतापूर्वक आगे बढ़ते हुए अब 1 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश के पांढुरना से प्रारंभ होगी. यात्रा का शुभारंभ गुरु देव सेवा मंडल, जय स्तंभ चौक से किया जाएगा. कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में बीसी भरतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएआईटी , सुनील अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष , प्रकाशचंद उइके, विधिक सलाहकार, अनुसूचित जनजाति आयोग, सुधीर दाते, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, स्वदेशी जागरण मंच,केशव दुबौलिया, संगठन मंत्री, मध्य भारत प्रांत, और संदीप घाटौड़े, अध्यक्ष, नगर पालिका पांढुरना सहित अन्य लोग शामिल होंगे. यात्रा पांढुरना से प्रस्थान कर मुलताई, आमला होते हुए बैतूल में रात्रि विश्राम करेगी. 2 दिसंबर को बैतूल नगर में आमसभाओं के बाद यात्रा चिचोली के लिए रवाना होगी.



यात्रा का मुख्य संदेश है स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ. नागरिकों को स्वदेशी व विदेशी उत्पादों की पहचान, स्वदेशी खरीद से विदेशी मुद्रा बचत, उद्योग विस्तार, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ना प्रमुख लक्ष्य है.

---

## सीधी में बढ़े एचआईवी के मरीज 18 वर्षों में 617 मिले पॉजिटिव

नवभारत न्यूज

**सीधी 30 नवम्बर। जिले में 18 वर्षों में 617 मरीज एचआईव्ही पॉजिटिव मिले हैं। जिनका नियमित उपचार एआरटी सेंटर रीवा के माध्यम से निःशुल्क किया जा रहा है। जिला अस्पताल कैम्पस में वर्ष 2007 से संचालित आईसीटीसी केन्द्र में एचआईव्ही जांच की सुविधा उपलब्ध है।**

गर्भवती महिलाओं की जांच भी केन्द्र में नियमित रूप से हो रही है। बताते चले कि एचआईव्ही को ह्यूमन इम्यून डिफिशंसी वाइरस के नाम से जाना जाता है।

यह एक संक्रामक बीमारी है जो हमारे इम्यून सिस्टम पर असर करती है। इससे पहले कि इस जानलेवा बीमारी की गिरफ्त में आएं इसके सामान्य लक्षण का पता लोगों को होना चाहिए। ताकि इसके शुरुआती चरण में ही इसका ईलाज करवा सकें.

### इनका कहना है

सीधी जिले में एचआईव्ही संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जांच के बाद जो एचआईव्ही संक्रमित चिन्हित होते हैं उनका उपचार जल्द से जल्द निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार शुरू किया जाता है। एचआईव्ही संक्रमण से बचने के लिए लोगों को आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए।

**डॉ .अजय प्रजापति, प्रभारी आईसीटीसी केन्द्र सीधी**

---

**कमियां** पूर्व मुख्यमंत्री ने नरेला विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

## दिग्विजय ने मतदान केंद्र पर दिखाई अनियमितताएं


विशेष संवाददाता

**भोपाल,30 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण सर्वे में अनियमितताओं की शिकायतों की जांच के लिए नरेला विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया.**

अपने निरीक्षण के दौरान वे मतदान केंद्र क्रमांक 189 पहुंचे, जहां स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने उन्हें मकान क्रमांक 70 की मतदाता सूची दिखाई. इसी दौरान सिंह की नजर परिसर में लगे आरएसएस के बोर्ड पर पड़ी, जिसे देखकर वे हैरान रह गए. घर के अंदर उन्हें गौतम आर्या मिले, जो नवीन नगर स्थित ज्योतिबा फुले शाखा के मुख्य शिक्षक हैं.

सिंह ने जब मतदाता सूची में दर्ज नामों के बारे में पूछा तो आर्या ने कथित तौर पर किसी भी नाम को पहचानने से इनकार कर दिया.

इसके बाद दिग्विजय सिंह ने इन कथित अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की शारीरिक सत्यापन के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जहां सिंह खड़े थे, वह स्थान वास्तव में आरएसएस कार्यालय था, जो भाजपा की चुनाव तैयारियों के लिए समन्वय केंद्र के रूप में भी उपयोग में लाया जा रहा था. सिंह ने इसे चुनाव आचार संहिता और प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन करार दिया.



एक अन्य मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान सिंह ने बीएलओ प्रतिभा भीलवारे से मतदाता सूची से गायब नामों पर सवाल किए, लेकिन बीएलओ के कथित तौर पर टालमटोल जवाबों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया की पारदर्शिता पर और सवाल खड़े कर दिए. निरीक्षण के दौरान कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें सुरेश साहू, अमित खत्री, विजेंद्र शुक्ला, तारिक अली, अहमद खान, दीपक दीवान, अमजद लाला, प्रिंस नवांगे, अनुप पांडे, संदीप सरवैया, मो. राजिक, इकराम खान, अलीम उद्दीन, फहीम बख्श, केशव मोरे, दीपक खटीक, अनसुर्रहमान और मुजाहिद सिद्दीकी शामिल थे.


---

## फॉगसेफ्टी डिवाइस से ट्रेन संचालन सुरक्षित

- एफएसडी तकनीक से रेल संचालन को मजबूती
- फॉग डिवाइस से यात्री सुरक्षा होगी सुनिश्चित

**भोपाल, 30 नवम्बर. शीतकालीन मौसम में घने कोहरे के दौरान सुरक्षित एवं सुचारू रुप से ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने हेतु भोपाल मंडल में प्रमुख ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस का व्यापक उपयोग किया जा रहा है.**

इस तकनीक ने ट्रेन संचालन की विश्वसनीयता बढ़ाई है और विलंब की संभावनाओं में कमी लाई है. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल में 341 फॉग सेफ्टी डिवाइस स्थापित किए गए हैं, जिनका शत-प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है.




एफएसडी एक जीपीएस आधारित नेविगेशन प्रणाली है, जो लोको पायलट को आगामी सिग्नलों, लेवल क्रॉसिंग, गति प्रतिबंध और तटस्थ खंडों की रियल टाइम जानकारी देती है. यह डिवाइस लगभग 500 मीटर पूर्व से तीन आगामी स्थलों की सूचना वॉइस और विजुअल अलर्ट के रूप में प्रदान करती है, जिससे लोको पायलट को कम दृश्यता में भी सुरक्षित गति व संचालन बनाए रखने में सहायता मिलती है.

सभी प्रकार के अनुभागों एवं इंजनों के साथ पूर्णतः संगत, 160 किमी/घंटा तक गति क्षमता, 18 घंटे का बैटरी बैकअप, हल्का, पोर्टेबल और कैब में आसानी से स्थापित, एफएसडी का उपयोग भोपाल मंडल में यात्री सुरक्षा और सुरक्षित संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति के रूप में लगातार लाभकारी सिद्ध हो रहा है.